भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1754** जिसका उत्तर

मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 (19 अग्रहायण, 1946 (शक)) को दिया जाना है

छोटे पत्तनों का उन्नयन

1754 श्री एस. कल्याणसुन्दरम :

क्या **पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश भर में छोटे पत्तनों के उन्नयन हेतु कोई कदम उठाए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): महापत्तनों के अलावा अन्य पत्तन (लघु छोटे पत्तन/गैर-महापत्तन) संबंधित राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। सागरमाला योजना के माध्यम से मंत्रालय पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क और रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतरराष्ट्रीय मानक के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं आदि जैसी अनूठी और अभिनव परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अब तक, मंत्रालय ने सागरमाला योजना के अंतर्गत 9480 करोड़ रु. की 119 परियोजनाओं को आंशिक वित्त पोषण प्रदान किया है। सागरमाला योजना में शुरू की गई परियोजनाओं का राज्यवार विवरण संलग्न है। [अनुबंध-I]

अनुबंध - I

राज्य/संघ शासित राज्य	परियोजनाओं की संख्या	कुल परियोजना लागत (₹ करोड़ में)	पूर्ण (₹करोड़ में)		कार्यान्वयनाधीन (₹करोड़ में)		विकासाधीन (₹करोड़ में)	
			परियोजनाओं की संख्या	कुल परियोजना लागत	परियोजनाओं की संख्या	कुल परियोजना लागत	परियोजनाओं की संख्या	कुल परियोजना लागत
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	3	46	1	13	2	32	0	0
आंध्र प्रदेश	12	2,409	7	1,114	5	1,295	0	0
गोवा	9	763	5	85	4	677	0	0
गुजरात	9	1,388	3	364	6	1,024	0	0
कर्नाटक	8	493	3	71	5	422	0	0
केरल	8	273	6	134	2	139	0	0
महाराष्ट्र	31	1,920	19	829	12	1,092	0	0
ओडिशा	6	350	1	4	5	346	0	0
पुदुच्चेरी	2	30	1	27	1	2	0	0
तमिलनाडु	22	1,240	14	1,004	7	226	1	10
पश्चिम बंगाल	9	569	6	404	3	165	0	0
कुल	**119**	**9,480**	**66**	**4,049**	**52**	**5,420**	**1**	**10**

*****